# शहर में अमन,पुलिस रही सतर्क



## हर पॉइंट्स पर मुस्तैदी से चेकिंग

सुरक्षा के मद्देनजर जिले में कुल 36 पॉइंट्स पर नाके बनाए गए हैं।इनमें से 17 शहर और 19 देहात क्षेत्र में हैं। जिन पर करीब चार हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए जो मुस्तैदी से आने जाने वाले हर व्यक्ति व वाहन पर नजर रखते हुए चेक किये गए।
15 अक्टूबर के संभावित आंदोलन को देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। जिससे शहर की गतिविधियां रोजमर्रा की तरह ही नजर आईं। हालांकि परिवहन व्यवस्था बाधित होने को दृष्टिगत रखते हुए बीते रोज ही जारी किए गए आदेश के माहौल की नजाकत को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अफसर भी चौकन्ने बने रहे। यही वजह है कि आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी अमित सांघी, कलेक्टर रूचिका सिंह चौहान व एसएसपी धर्मवीर सिंह सुबह पांच बजे से ही फील्ड में उतर गए ।जिन्होंने विभिन्न पॉइंट्स व संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए वहां तैनात अफसरों व जवानों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए ।प्रसाशन के आदेश के तहत स्कूलों की छु?ट्टी रही, लेकिन सभी बाजार निर्धारित समय पर खुल गए। जिनमें पूर्व की भांति त्योहारी चहल पहल नजर आई। वहीं पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स भी आमदिनों की भांति ही चलते रहे, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।कुल मिलाकर पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की कार्यशैली वाकई काबिले तारीफ रही, कि उन्होंने सूझबूझ का परिचय देते हुए फेस्टिव सीजन में किसी तरह का माहौल नहीं बिगड़ने दिया।



## बिना चैकिंग के नहीं निकला कोई भी वाहन

आकाशवाणी तिराहे पर मुस्तैद पुलिस कर्मचारियों ने सुबह से शाम तक मोर्चा संभाले रखा तिराहे से निकलने बाले सभी वाहनों की चेकिंग की गई संधिगद वाहन को डिग्गी सहित पूरी गाड़ी को चैक किया गया

## पड़ाव थाना प्रभारी भी रहे अलर्ट



पड़ाव थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार सुबह से रात तक अपनी टीम के साथ अलर्ट रहे पड़ाव से फूलबाग,अम्बेडकर पार्क गांधी उद्यान के पीछे हर संधिगद स्थान पर टीम के साथ दिनभर पैदल भृमण किया और फुटपाथ पर लेटे, बैठे संधिगद लोगों से पूछताछ की गई एवं अपने क्षेत्र में निकलने बाले वाहनों को चैक किया।

नवभारत न्यूज

**खुले रहे बाजार, चेकिंग के बाद ही शहर में दाखिल हुए वाहन**

**मोर्चा संभालने अलसुबह से फील्ड में उतरे आईजी, डीआईजी, एसएसपी व कलेक्टर**

**ग्वालियर 15 अक्टूबर.** हाईकोर्ट कैंपस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर छिड़े विवाद के बीच 15 अक्टूबर को आंदोलन की घोषणा जहां पूर्व में ही स्थगित कर दी गई थी। उसके बावजूद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा, जिससे ग्वालियरवासी बेधड़क होकर अपने कामकाज करते रहे। हालांकि ऐहतियात के तौर पर अलसुबह से हरी आईजी डीआईजी व एसएसपी सहित डीएम ने फील्ड में उतरते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### स्कूल-कॉलेज बंद, टीचर पहुंचे

शहर में आंदोलन के चलते शहर के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद रहे। कई छात्रों को स्कूल बंद होने की जानकारी नहीं थी। इसके चलते वे स्कूल पहुंच गए। स्कूल पहुंचने पर उन्हें स्कूल से वापस घर लौटा दिया गया। वहीं स्कूलों के टीचर अपने तय समय पर स्कूल पहुंचे थे। वहीं आंदोलन के चलते शहर के कॉलेजों में छात्रों की उपस्थिति कम रही। शहर के आस-पास के कॉलेजों के जिन कॉलेजों में छात्र बसों से जाते हैं वे भी कॉलेज नहीं गए। आंदोलन के कारण कॉलेजों की बसे नहीं चलाई गई। इसके मैसेज बीती रात ही छात्रों के मोबाइल पर कॉलेज प्रबंधन ने भेज दिए थे।

### स्टेशन पर हर यात्री की तलाशी

आंदोलन के चलते रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहद सख्त कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन और जीआरपी के साथ-सब आरपीएफ की संयुक्त टीम ने पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा का जाल बिछा दिया है। यात्रियों और रेती की सुरक्षा को लेकर एजेंसियां किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहती। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल और पार्किंग परिया तक हर जगह सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। स्टेशन पर आने-जाने वाले हर यात्री की गेट पर ही तलाशी ली जा रही है। लगेज, यात्रियों के बैग और पार्सल की जांच की जा रही है। सुरक्षा कर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए है कि संदिग्ध दिखने वाले किसी भी व्यक्ति या वस्तु की तुरंत जांच की जाए।

### दिन भर हेलमेट -डंडा थामने के बाद रात में कलेक्टर ने बाड़े पर की दीवाली की शॉपिंग



ग्वालियर। शहर मे आज दिन में कानून व्यवस्था को सुचारु ढंग से सँभालने के बाद ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान रात में घर के लिए दीपावली की शॉपिंग करने निकल पड़ी. वे कंट्रोल रूम से सीधे महाराज बाड़े गई और वहां स्ट्रीट वेंडर्स से खजूर का झाड़ू, मिट्टी के दीपक और लक्ष्मी पूजन ऐ जुड़े सामान ख़रीदे. कलेक्टर शाम तक शहर की सड़कों पर हेलमेट डंडा लेकर डटे रहने के बाद गृहलक्ष्मी के रूप मे बाड़े पर नजर आई तो राह चलती अनेक लड़कियों ने उनके साथ मोबाईल पर सेल्फी भी ली.



## हाइवे पर भी रहीं सघन चैकिंग में महिला टीआई भी रहीं मुस्तैद

बिलौआ थाना प्रभारी इला टण्डन ने भी सुबह से मोर्चा संभाल लिया और अपनी टीम के साथ हाइवे से गुजरने बाले हर एक वाहन जैसे बस के अंदर जाकर सवारियों को भी चेक किया गया, ट्रक, फोर व्हीलर की डिग्गी को खुलवाकर उसमे रखे समान को खुलबा कर सघनता से चैकिंग की गई एवं पैदल निकलने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई ।



## महाराज बाड़े पर अलर्ट रहीं थाना प्रभारी मोहिनी

शहर का ह्रदय स्थल कहा जाने बाला महाराज बाड़ा व्यापारियों का गढ़ है व्यपारियों की सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा भी सुबह से पैदल मार्च में चैकिंग करते दिखाई दीं उन्होंने कोतवाली क्षेत्र के चप्पे चप्पे की सघन चैकिंग की जगह जगह डिवाइडर लगाकर चैकिंग पॉइंट बना दिये गए और गाड़ियों को रुकवाकर चैकिंग की गई वहां से गुजरने बाले हर व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी गई उनकी इस कार्य शैली से बाड़े पर फुटपाथ पर लगे दिवाली बाजार में खरीदारी बनी रही और बाड़े पर व्यपारियों ने उनका आभार व्यक्त किया ।



## अनिल मिश्रा को मिला अनूप मिश्रा का साथ

ग्वालियर। शहर के असामान्य हालातों के बीच पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा आज अंबेडकर पर टिप्पणियों को लेकर चर्चा में आए अधिवक्ता अनिल मिश्रा से मिलने उनके ऑफिस पहुंचे। मुलाकात के बाद अनूप मिश्रा ने कहा कि कुछ लोग हैं जो माहौल बिगाड़ देते हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने अनिल मिश्रा को अपना मित्र बताया।



## पुलिस की निगरानी में रही प्रतिमा, पार्क में पड़ा रहा ताला

पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सुबह से ही फूलबाग स्थित अम्बेडकर पार्क के सभी गेटों पर ताला डाल दिया गया और पार्क के अंदर पुलिस जवानों को तैनात किया गया पार्क के अंदर किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया गया व पार्क के बगल से निकलने बाले व्यक्तियों पर भी पुलिस की विशेष नजर रही ।



## कड़ी चैकिंग के दौरान बंदूकधारी पकड़ा

जडेरुआ बांध ऋषि गालब स्कूल के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बंदूकधारी को पकड़ लिया। मुरार पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति से 12 बोर की बंदूक और 6 जिंदा राउण्ड जब्त किये हैं। पुलिस ने पकड़ में आए व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने बताया कि बंदूक उसी की है और उसके पास इसका लाइसेंस भी है। सुरक्षा के मद्देनजर मुरार पुलिस ने बंदूक के साथ पकड़े गए व्यक्ति को अपनी कस्टडी में ले लिया है।


## शहरवासियों के बीच पहुंचा नवभारत

रविन्द्र सिंह चौहान



कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर जो माहौल देख रहे थे उसको लेकर हमे बहुत डर लग रहा था कि आज दीपावली की शॉपिंग कैसे करेंगे जब हम शहर में निकले तब सब कुछ आवागवन रोज की तरह सामान्य दिखाई दिया हर जगह पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल रखा था.

**रानी सेंगर**



ग्वालियर पुलिस प्रशासन का हम आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने सुबह से शाम तक मुस्तैदी के साथ मोर्चा संभाले रखा शहर में सब रोज की तरह सामान्य रहा हमे मार्किट करने में कहीं भी कोई परेशानी नहीं आई.

**गयात्री भदौरिया**



आज बच्चों के स्कूल की छुट्टी थी और दीपावली का त्यौहार भी नजदीक आ गया है इस लिए हम बच्चों सहित महाराज बाड़े पर खरीददारी करने गए दिनभर शॉपिंग की माहौल रोज की तरह सामान्य रहा पुलिस हर जगह हमें चैकिंग करते दिखाई दी ।

**प्रीति**



हमने सोचा था कि शायद आज आंदोलनकारी शहर में ना आ जाएं इसलिए हम आज अपनी दुकान खोलने के मूंड में नहीं थे पर जब हम बाड़े पर आए तो देखा कि पुलिस प्रसाशन ने मोर्चा संभाल रखा है और सब कुछ सामान्य है हमनें अपनी कपड़े की दुकानें समय पर खोलीं और आज स्कूल में बच्चों की छुट्टी थी इसको लेकर हमारा व्यापार खूब चला.

**राहुल, व्यवसायी**




| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फायनान्स उपलब्ध है फायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gwalior: Tansen Marg** TIRUPATI BAJAJ-9522226003 • **OM Advance Bajaj,Nawab sahab ka kua,Shinde ki Chawani** 9109102382, **Om Advance,Ankita Towers,Naka Chandra Wadni,Sakhiya Vilas**-9109102385 **Om Advance bajaj,City Centre**-9109102384, **Om Advance bajaj,Jhansi Road Datia**-9109170765, **Morena** Kamadgiri BAJAJ 9329399165 • **Shivpuri** KK BAJAJ 9425156633 • **Bhind Shankar Motors** 8717894211.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95